कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

अशैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती – 2023

वाहन चालक तथा वाहन चालक टी–1 की द्वितीय चरण की परीक्षा के संबंध में दिशा निर्देश

1. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा अशैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती– 2023 के अंतर्गत **वाहन चालक तथा वाहन चालक टी–1 की द्वितीय चरण की** परीक्षा दिनांक 13–14 फरवरी, 2024 को आयोजित की जा रही है।
2. उक्त परीक्षा **अजमेर** शहर में स्थित परीक्षा केंद्र पर ही पूर्व सूचित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जावेगी।
3. परीक्षा केंद्र की सूचना प्रवेश पत्र के माध्यम से सूचित कर दी जावेगी।
4. परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विश्वविद्यालय के भर्ती पोर्टल www.aukrecruitment2023.com में अपने लॉगिन आई डी पासवर्ड से लॉगिन कर प्रवेश पत्र डाउन लोड करना होगा।
5. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने से पूर्व **रुपये 1800/–** का शुल्क भर्ती पोर्टल https://aukrecruitment2023.com पर उपलब्ध लिंक का उपयोग कर ऑनलाइन माध्यम से जमा करवाना होगा। निर्धारित शुल्क जमा करवाये बिना प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं किया जा सकेगा।
6. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा दिनांक **10-02-2024 सायं 5-00** से उपलब्ध करवाई जाएगी।
7. **वाहन चालक तथा वाहन चालक टी–1 की द्वितीय चरण की परीक्षा** पूर्व सूचित परीक्षा स्कीम के अनुसार होगी जो कि निम्नानुसार है –

द्वितीय चरण: ड्राइविंग ट्रैक टेस्ट तथा वाहन मरम्मत के ज्ञान का परीक्षण (जॉब टेस्ट)

S.No.	Weightage for different components	
(i)	Bus Driving	20 marks
(ii)	Car Driving	20 marks
(iii)	Jeep driving	20 marks
(iv)	Tractor Driving	20 marks
(v)	Identification of parts and general repair & maintenance	20 marks
	Total	**100 Marks**

उक्त परीक्षा के संबंध में सामान्य दिशा–निर्देश निम्नानुसार है –

क – ट्रैक टेस्ट (Track Test)

- प्रत्येक ट्रैक टेस्ट हेतु अलग अलग वाहन चलाने होंगे, जैसे कि बस (टाटा 52 सीटर), कार (टाटा इंडिका), जीप (टाटा सूमो) तथा ट्रैक्टर ।
- प्रत्येक ट्रैक टेस्ट एक निश्चित आकृति के ट्रैक पर लिया जाएगा, जिसे पूरा करने हेतु अभ्यर्थी को निश्चित मानक समय दिया जाएगा।
- ट्रैक के किनारे निश्चित दूरी पर खंबे (Pole) खड़े होंगे।
- अभ्यर्थी को वाहन चलाते समय प्रत्येक टेस्ट के लिए निश्चित समय में बिना खंबे गिराए टेस्ट पूरा करना होगा।
- ट्रैक टेस्ट पूरा करने में निश्चित मानक समय से अधिक समय लेने अथवा खंबे गिराने की स्थिति में निर्धारित अंक काट लिए जावेंगे।
- इस संबंध में विस्तृत जानकारी परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व दे दी जावेगी।
- अतः अभ्यर्थी को परीक्षा प्रारंभ होने से 1 घंटा पूर्व केंद्र पर पहुँच जाना चाहिए।

ख – वाहन मरम्मत के ज्ञान का परीक्षण

- इस परीक्षण में अभ्यर्थी का मोटर पार्ट्स की पहचान तथा सामान्य वाहन मरम्मत के ज्ञान का परीक्षण लिया जावेगा।
- इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी को परीक्षक द्वारा पूछे गए मौखिक प्रश्नों के उत्तर भी देने होंगे।

8. परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, मोबाइल, फोन इत्यादि को साथ में लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

2